विकास सिर्फ शहरों तक सीमित ना रहे, बल्कि प्रत्येक गांव-ढाणी तक पहुंचे: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पंचायती राज चुनाव के लिये ग्राम विकास संकल्प -पत्र जारी किया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा का "ग्राम विकास संकल्प-पत्र" गांवों के सर्वांगीण विकास का रोडमैप है। सरकार का लक्ष्य है कि विकास शहरों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि प्रदेश के प्रत्येक गांव और ढ ाणी तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पंचायती राज चुनाव-2026 के लिए "ग्राम विकास संकल्प-पत्र" जारी करते हुए उपस्थित जनों को संबोधित किया।। इस दौरान प्रदेश प्रभारी संजय भाटिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, सह प्रभारी कविता पाटीदार, कुलजीत चहल और संगठन महामंत्री अजेय कुमार मौजूद थे। इस अवसर पर नवनिर्मित सेवा संकल्प सभागार का उद्घाटन भी किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव के संकल्प-पत्र के करीब 78 प्रतिशत कार्य पौने 3 वर्ष में पूरे किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम विकास संकल्प-पत्र में शिक्षा, चिकित्सा, खेल और डिजिटल सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में अटल ज्ञान केंद्र स्थापित करने की योजना है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरत के अनुसार स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और उपस्वास्थ्य केंद्रों की उपलब्धता सुनिश्चित कारवाई की जाएगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान विकसित किए जाएंगे।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पंचायती राज चुनाव-2026 के लिए "ग्राम विकास संकल्प-पत्र" जारी किये। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम विकास संकल्प-पत्र केवल घोषणाओं का दस्तावेज नहीं, बल्कि गांवों को आत्मनिर्भर, समृद्ध और सुविधासंपन्न बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बजट तैयार करते समय समाज के सभी वर्गों से संवाद किया जाता है, उसी प्रकार ग्राम सभाओं में चर्चा के बाद गांवों के विकास संबंधी निर्णय लिए जाने चाहिए।

■ "ग्राम विकास संकल्प- पत्र केवल घोषणाओं का दस्तावेज नहीं, बल्कि गांवों को आत्मनिर्भर, समृद्ध और सुविधासंपन्न बनाने का प्रयास है।" मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जिस प्रकार बजट तैयार करते समय समाज के सभी वर्गों से संवाद किया जाता है, उसी प्रकार ग्राम सभाओं में चर्चा के बाद गांवों के विकास संबंधी निर्णय लिए जाने चाहिए।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में लगी इमरजेंसी

इस्लामाबाद, 11 अक्टूबर। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने रविवार को देश के प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और बढ़ ते आतंकी हमलों का हवाला देते हुए आपातकाल की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के नेतृत्व वाली प्रांतीय सरकार को बर्खास्त कर दिया गया है।

राष्ट्रपति जरदारी ने संविधान के अनुच्छेद 232(1) और 234(1) के तहत यह अधिसूचना जारी की। इसके लागू होते ही मुख्यमंत्री, प्रांतीय मंत्री, सलाहकार, विशेष सहायक और एडवोकेट जनरल को अपने पद तुरंत खाली करने का आदेश दिया गया है।

आदेश के तहत खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा के अधिकार अब पाकिस्तान की संसद या उसके अधीन किसी प्राधिकरण द्वारा चलाए जाएंगे। इसके अलावा केंद्र सरकार राज्यपाल को प्रांत का पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण संभालने का निर्देश दे सकती है।

राष्ट्रपति द्वारा जारी घोषणापत्र के अनुसार, प्रांत में संवैधानिक तंत्र पूरी तरह विफल हो चुका था।

भारत को स्टारलिंक सस्ते में उपलब्ध कराएंगे एलन मस्क

उन्होंने कहा कि इस प्रतिस्पर्धा से भारतीयों को बेहतर विकल्प मिल सकेंगे

नई दिल्ली, 11 अक्टूबर। पिछले दिनों भारत में स्टारलिंक को लेकर मुकेश अंबानी पर तंज कसने और आरोप लगाने के बाद एलन मस्क ने भारत में स्टारलिंक को किफायती दाम में पेश करने का ऐलान किया है। मस्क द्वारा मुकेश अंबानी और उनकी कंपनी जिओ को आड़े हाथ लेने के बाद लोगों का कहना था कि भारत में स्टारलिंक काफी महंगा साबित हो सकता है। इसके बाद अब मस्क ने ऐलान किया है कि वे भारत में स्टारलिंक को किफायती दाम में उपलब्ध कराएंगे।

इसे लेकर एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत दुनिया के सबसे सस्ते डेटा बाजारों में से एक है, जहां अगर मस्क के स्टारलिंक की एंट्री किफायती दर पर होती है, तो यह जिओ के प्रभुत्व को चुनौती दे सकती है। एलन मस्क ने एक्स पर लिखा है कि अगर स्टारलिंक महंगा होगा, तो भारत में इसे कोई नहीं खरीदेगा। इसलिए स्पेसएक्स भारत के लिए बेहद किफायती कीमत तय करेगी। भारत में फिलहाल मोबाइल डेटा की कीमत प्रति जीबी 8 सेंट है, जो कि सबसे सस्ती है।

मस्क ने लिखा कि भारतीय बाजार में प्रतिस्पर्धा होगी, तो लोगों को सस्ते और बेहतर ऑप्शन मिलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इससे अंबानी के मुनाफे में कमी आ सकती है लेकिन उनका कारोबार बंद नहीं होगा।

इससे पहले भी एलन मस्क एक्स पर जिओ और अंबानी को लेकर जुबानी जंग छेड़ चुके हैं। उन्होंने तंज करते हुए एक पोस्ट में प्रधानमंत्री अंबानी तक लिख दिया था। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा था कि अंबानी असली बॉस हैं और क्या वह स्टारलिंक को मुकाबला करने का मौका देंगे।

इसके साथ ही मस्क केंद्र सरकार पर भी आरोप लगा चुके हैं कि अंबानी के दबाव में सरकार स्टारलिंक को भारत में आने से रोक रही है।

■ मस्क ने कहा कि यह धारणा फैलाई जा रही है कि स्टारलिंक काफी महंगा साबित होगा। वे जानते हैं कि स्टारलिंक महंगा हुआ तो भारत में इसे कोई नहीं खरीदेगा।

ट्रंप ने रुस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

धन्यवाद।"हालांकि, बयान में इस सीज़फायर की शर्तों और उसके क्रियान्वयन से जुड़ी जानकारी नहीं दी गई है।

जैलैंस्की का यह बयान ट्रंप की उस आलोचना के जवाब में आया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेन के नेतृत्व पर सवाल उठाए थे और रूसी तेल रिफाइनरियों पर हमले रोकने की मांग की थी।

रियाद हवाई अड्डे पर हमले में 12 मरे व 309 घायल हुए

रियाद (सऊदी अरब), 11 अक्टूबर। सऊदी अरब की राजधानी रियाद के किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को हमले में एक अमेरिकी समेत कम से कम 12 लोग मारे गए और 309 दूसरे घायल हो गए। सऊदी अरब की जनरल अथॉरिटी ऑफ सिविल एविएशन ने कहा कि मृतकों में चार सऊदी नागरिक, दो बांग्लादेशी और मिस्र, जॉर्डन, सीरिया, फ़िलिस्तीन और सूडान का एक-एक व्यक्ति शामिल है। अधिकारियों ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि घायलों का स्थानीय अस्पतालों में इलाज चल रहा है। अनेक लोगों की हालत गंभीर है। ईरान समर्थित आतंकी समूह हूती ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

गल्फ न्यूज और सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, हमले के बाद हवाई अड्डे का कामकाज रोक दिया गया। हवाई अड्डे को नुकसान पहुंचा है। अधिकारी इसका आकलन कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि वह जल्द ही कोई न कोई फैसला लेंगे। विदेश सचिव मार्क रुबियो ने कहा," अमेरिका सऊदी अरब पर हूती के हमलों की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि रियाद एयरपोर्ट पर हुए हमले में एक अमेरिकी नागरिक सहित कई बेगुनाह लोगों की जान चली गई।" विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने सऊदी अरब के अधिकारियों से बात की है।

आतंकी संगठन हूती ने अभी तक शनिवार के हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, हूती ने इस हफ्ते की शुरुआत में इस हवाई अड्डे पर हमले का दावा किया था। हमले में एक पायलट सहित तीन सऊदी मारे गए थे। बताया गया है कि शनिवार को एक मिसाइल ने डॉमैस्टिक फ़्लाइट्स के टर्मिनल 3 और 4 वाले एक कॉम्प्लेक्स पर हमला किया। यमन में संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत हैंस ग्रंडबर्ग ने शनिवार के हमले को क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बताया है।

इस हमले के बाद फ्लाइटरडार 24 ट्रैकर ने कहा कि उड़ानों को दूसरी जगह डायवर्ट कर दिया गया। अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और कैनडा जैसे देशों ने नागरिकों को एयरपोर्ट से दूर रहने की चेतावनी दी गई। रियाद एयरपोर्ट पर हमला ऐसे समय पर हुआ, जब बड़े इंटरनेशनल एनर्जी कॉन्फ्रेंस की तैयारी की जा रही थी।

■ हवाई अड्डा बंद है तथा नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

नेपाल की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तथा आरुघाट के सोती और मान्बु को जोड़ने वाला पक्का पुल बाढ़ में बह गया है।

बाढ़ ने चुमनुब्री गाउँपालिका के पैयुं और बगर क्षेत्रों में करीब 35 घरों को भी बहा दिया है। इसके अलावा जगत, सल्लेरी, दोभान और घट्टेखोला गांवों में भी भारी नुकसान हुआ है।

इंडिगो की उड़ान में आग

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चेन्नई पहुंचने का निर्धारित समय शाम 4 बजे था। लेकिन विमान में धुआं दिखाई देने के बाद इसका मार्ग बदल दिया गया।

सुरक्षा नियमों के तहत पायलटों ने विमान को हैदराबाद ले जाने का निर्णय लिया और वहां सुरक्षित लैंडिंग कराई।


■ दिल्ली से चेन्नई जा रही एयरबस में यात्री के पावर बैंक में आग लगी। यात्रियों को वैकल्पिक विमान से चेन्नई भेजा।

घटना में किसी यात्री या चालक दल के सदस्य के घायल होने की सूचना नहीं है। सभी लोग सुरक्षित हैं। घटना के बाद यात्रियों को चेन्नई पहुंचाने के लिए वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई। इंडिगो ने यात्रियों को हुई परेशानी पर खेद जताया है।

बार काउंसिल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

काउंसिल ऑफ इंडिया, सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय (जोधपुर व जयपुर पीठ), राज्य के विधि सचिव, महाधिवक्ता, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर, देश की सभी राज्य बार काउंसिलों तथा राजस्थान की सभी बार एसोसिएशनों को भेजी गई है। साथ ही राजस्थान राजपत्र में प्रकाशन के लिए सरकारी केंद्रीय मुद्रणालय के अधीक्षक को भी भेजा गया है।



राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908